

# जिले में बढ़ा वायरल संक्रमण

## जिला अस्पताल सहित निजी नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों में दिख रही मरीजों की लंबी कतारें




नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। बरसात के मौसम में जिले में वायरल संक्रमण बढ़ गया है। जिला अस्पताल सहित निजी नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों में मरीजों की लंबी कतारें दिख रही हैं।**

वर्तमान में मौसमी बीमारियों का कहर बरपने से घर-घर मरीज होने लगे हैं। मरीज अपनी व्यवस्थाओं के अनुसार उपचार करा रहे हैं। निजी अस्पताल, क्लीनिकों के साथ ही जिला अस्पताल में भी मरीजों की काफी भरमार है। जिला अस्पताल सूत्रों का कहना है कि करीब महीने भर से 700 के आसपास मरीजों की ओपीडी बनी है। जिला अस्पताल में बेड का अभाव बना हुआ है जिससे मरीज काफी परेशान हैं।

### डॉक्टर बंगले में मरीजों को देखने में व्यस्त

जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ डॉक्टरों की स्थिति यह है कि वह ओपीडी में काफी कम समय देते हैं। ओपीडी में औपचारिकता निभाने के बाद ऐसे डॉक्टर मरीजों को देखने के लिए अपने बंगले में पहुंच जाते हैं। डॉक्टर अपने बंगले में ही मरीज का सही उपचार सुनिश्चित करते हैं। अब यह प्रचलन बढ़ गया है कि शासकीय डॉक्टर भी अपने खास पैथालॉजी सेंटर से जांच कराने के लिए भेजते हैं। यदि उनसे संबंधित सेंटर से पैथालॉजी जांच न कराई जाए तो उसे मान्य भी नहीं किया जाता। इसी तरह डॉक्टरों द्वारा अपने संबंधित मेडिकल स्टोरों से दवाओं के लिए भी भेजा जाता है।

### इनका कहना है

वर्तमान में मौसमी बीमारियों से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल में मरीजों के भर्ती एवं उपचार की क्या व्यवस्थाएं वर्तमान में हैं इसका मैं कल स्वयं जाकर निरीक्षण करूंगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी मरीजों को बिना किसी भटकाव के समुचित उपचार की व्यवस्थाएं सुलभ हो सकें।

**डॉ.अशोक खरे, सीएमएचओ जिला-सीधी**

## पानी में डूबने से मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सीधी 31 मार्च।** अनुविभागीय अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक ने पानी में डूबने से हुई चार लोगों की मृत्यु के प्रकरणों में उनके निकटतम वारिसों को कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार, आरबीसी 6-4 के तहत मृतक अर्पित केवट के निकटतम वारिस पिता ओमप्रकाश केवट तथा मृतक पंकज केवट के निकटतम वारिस पिता रमेश केवट दोनों निवासी ग्राम हथिनापुर को चार-चार लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मृतक रोशन सिंह के निकटतम वारिस पिता कमलभान सिंह निवासी ग्राम करहीटोला तथा मृतक सोनू सिंह के निकटतम वारिस पिता चन्द्रबली सिंह निवासी ग्राम गजरी को भी चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## ग्राम पंचायत बिड़ौरा में बह गया सड़क का किनारा

### सड़क टूटने की जानकारी मिलते हीं पहुंचे अधिकारी, कराया मरम्मतीकरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। कुसमी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिड़ौरा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 5-6 वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जो इस वर्ष 2 दिनों पहले पानी के भारी दबाव में सड़क का किनारा हिस्सा बह गई थी।**

सड़क के बहने से छुहिया से अमगांव का आवागमन पूरी तरह से बंद नही था लेकिन आवागमन जोखिम भरा था। जानकारी मिलते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इकाई सीधी के महाप्रबंधक जी.पी. मिश्रा द्वारा द्वारा तत्काल मरम्मती करण का कार्य कराया गया जिससे आवागमन अब पूरी तरह से बहाल हो गया। 2 दिन पहले ही उक्त सड़क का कुछ हिस्सा पास के बने तालाब की वजह से बह गई थी। वहीं पीएमजेएसवाई के अधिकारियों का कहना है कि सड़क की कुछ दूरी पर तालाब था और उसके भर जाने से सड़क बही है। सड़क का कार्य कराने को लेकर ग्रामीणों ने महा प्रबंधक जी.पी.मिश्रा के प्रति आभार ज्ञापित किये हैं, जिन्होंने ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मरम्मतीकरण कार्य कराया।



### इनका कहना है

बिड़ौरा गांव मे सड़क टूटने की जानकारी मिली थी यहां बगल मे तालाब का निर्माण नही हुआ था तो सड़क सुरक्षित थी, अब तालाब का निर्माण हो जाने से पानी का दबाव हो गया था। जिससे सड़क का कुछ हिस्सा टूट गया है। कल रात मुझे जानकारी मिली थी जहां आज मुरुम डालकर मरम्मतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसी जगह पर पुलिया प्रस्तावित की जाएगी। बजट मिलते ही कार्य आरम्भ किया जाएगा।

**अशोक द्विवेदी, असिस्टेंट मैनेजर सीधी .**

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर, दलित विरोधी मानसिकता का प्रमाण : ज्ञान

### शुद्धिकरण करने वालों पर कार्रवाई के बजाय मुकदमा भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्र




नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद भाजपा समर्थित संगठनों द्वारा सभा स्थल का शुद्धिकरण अनुष्ठान किए जाने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, तो उत्तराखंड पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय राहुल गांधी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी।**

कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार के इशारे पर किया गया राजनीतिक षड्यंत्र और सत्ता के दुरुपयोग करार दिया। राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर तत्काल वापस लेने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे देश के वरिष्ठ दलित नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनकी सभा के बाद सभा स्थल का कथित रूप से शुद्धिकरण किया जाना सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार को चाहिए था कि वह खड़गे जी की सभा के बाद कथित शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती, लेकिन उल्टा राहुल गांधी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। यह कार्रवाई भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता और राजनीतिक दुर्भावना का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता डरने या दबने वाले नहीं हैं और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर संघर्ष और अधिक मजबूती से जारी रहेगा। जिला कांग्रेस ने ऐलान किया कि राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज प्रकरण के विरोध में कांग्रेस का आंदोलन राज्य और जिलास्तर पर आगे जारी रहेगा।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, दिनेश पाठक, नवीन सिंह, कुमुदिनी सिंह, करुण सिंह, नवीन सिंह, जय सिंह, आकाश सिंह, हरिहर सोनी, दया वर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह, ओमकार कर्चुली, अरविंद सिंह रोशन, विवेक सिंह दीपू, राणा प्रताप सिंह, अरविंद तिवारी, लालवेंद्र सिंह, शशिकला द्विवेदी, शीला साकेत, मेनका सिंह, रनशेर अली, अरुण सिंह, कृतिमा सिंह, सुनील सिंह, पंकज सिंह, प्रियंका सिंह, गौरी साकेत, रेखा सिंह, तारा सिंह, सुनीता मिश्रा सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## ई-केवाइसी नहीं कराने वाले संबल कार्ड निष्क्रिय

**सीधी 31 अगस्त।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार संबल योजना के हितग्राहियों के लिए सदस्य समग्र आईडी की आधार ई-केवाईसी पूर्ण कराना अनिवार्य है। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही असंगठित श्रमिक (संबल) के पंजीयन एवं योजना के अंतर्गत विभिन्न हितलाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले में संबल योजना के अंतर्गत कुल 3,50,971 श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें से 3,13,572 श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है, जबकि 32,419 श्रमिकों की ई-केवाईसी अभी लंबित है।

## धार और बड़वानी जिलों में सूखे के हालात, पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 31अगस्त। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर धार और बड़वानी जिलों में पिछले एक महीने से बारिश न होने के कारण सूखे जैसे हालात पैदा होने का उल्लेख किया है। उन्होंने यहां के किसानो के लिये बिना देरी किये विशेष सर्वे कराकर तत्काल राहत दिये जाने की मांग की है।**



अजय सिंह ने लिखा है कि वे इस समय मालवा-निमाड़ अंचल के प्रवास पर हैं और उन्होंने स्वयं किसानों से चर्चा करके जमीनी स्थिति की जानकारी ली है। यहां पानी न गिरने के कारण अन्नदाताओं की फसलें पूरी तरह नष्ट होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। सोयाबीन, कपास और मिर्च की फसलें लगभग सूख रही हैं। यहां औसत 30 इंच की जगह केवल 11 इंच बारिश होने और जलाशय सूखने से किसानो की फसलें नष्ट होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को समय रहते तत्काल राहत पहुंचाना बहुत जरूरी हो गया है। फसल खेतों में ही सूखने की स्थिति में किसानों को लाखों रुपयों का नुकसान होने की पूरी संभावना है। पत्र में सिंह ने मांग की है कि धार और बड़वानी जिले में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीमें भेजकर फसलों के नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाये। इस आधार पर उन्हें अविलंब मुआवजा दिया जाये। बची हुई फसलों को बचाने के लिये सिंचाई के लिये रोज कम से कम 10 घंटे लगातार बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाये। फसल बीमा योजना के दावों की प्रक्रिया को तेज किया जाये ताकि किसानों को समय रहते भुगतान मिले। पत्र में उन्होंने लिखा है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाये गये तो सूखे का प्रतिकूल असर न केवल खरीफ फसलों पर पड़ेगा बल्कि रबी सीजन की बुवाई और पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ेगा। संकट की इस घड़ी में सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए किसानों के साथ खड़ा होना चाहिए। पत्र में अजय सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रुचि लेकर धार और बड़वानी जिले में अल्पवृष्टि से पीड़ित किसानों को राहत देने के लिए त्वरित कार्यवाही करेंगे।

## आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में रिश्वत मांगने के आरोप पर प्रभारी परियोजना अधिकारी निलंबित

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। आंगनवाड़ी सहायिका की नियुक्ति के एवज में एक लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में कलेक्टर विकास मिश्रा ने ज्योति विश्वकर्मा पर्यवेक्षक एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना मझौली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।**

मामला आंगनवाड़ी केन्द्र पांड क्रमांक-01 में सहायिका के पद पर नियुक्ति से संबंधित है। आवेदिका किरण बैगा द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि नियुक्ति के एवज में ज्योति विश्वकर्मा द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा फोन के माध्यम से एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत पर प्राप्त निर्देशों के बाद मामले की जांच की गई। जांच के दौरान नियुक्ति प्रक्रिया में एक माह से अधिक का विलंब किए जाने के साथ ही रिश्वत की मांग से संबंधित तीन ऑडियो प्रमाण भी पाए गए। जांच में सामने आए तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने ज्योति विश्वकर्मा के कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत एवं कदाचरण की श्रेणी में माना। कलेक्टर द्वारा म.प्र. सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम-9 के तहत ज्योति विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## पंचायत समन्वयक एवं सचिव हुए सेवानिवृत्ति, दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रामपुर नैकिन 31 अगस्त। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सभागार में सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पंचायत समन्वयक अधिकारी देवेंद्र पाण्डेय एवं ग्राम पंचायत खैरा के सचिव लोकनाथ शर्मा के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का आयोजन सीईओ जनपद पंचायत रामपुर नैकिन डॉ.हरीश केसरवानी की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बड़े उत्साह एवं हर्ष के साथ सेवानिवृत्त अधिकारियों के प्रति सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त की गई। उनके सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा एवं विभाग के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वलए सुखमय एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की गई। समारोह में प्रमुख रूप से जनपद सीईओ डॉ.हरीश केसरवानी, रजनी आशीष तिवारी अध्यक्ष सरपंच संघ रामपुर नैकिन, सरपंच झगरी संतोष मिश्रा, अतिरिक्त सीईओ सुजीत शुक्ला, पंचायत इंस्पेक्टर पशुपतिनाथ द्विवेदी, मनोज निगम, आवास प्रभारी पीसीओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अशोक पाण्डेय, कान्तु कोल, परमसुख पनाड़िया, पूर्व पंचायत समन्वयक चंद्रमणि त्रिपाठी सहित जनपद एवं ग्राम पंचायतों के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### एक नजर में

## भागवत कथा में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव




**सीधी।** जिले के ग्राम मधुरी में चौथे दिन जारी हैं। श्रीमद्भागवत कथा जानकारी के मुताबिक यह आयोजन रघुनाथ प्रसाद द्विवेदी के निज निवास में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा कथा स्थल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। कथा व्यास श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज, युवराज स्वामी जी पुरानी लंका चित्रकूट ने श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं उनकी विभिन्न बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ राधा-कृष्ण की भक्ति, गोपियों के साथ भगवान की लीलाओं वर्णन किया। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गई। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## डॉ.दीपारानी इसरानी को सिविल सर्जन का प्रभार



**सीधी।** जिला चिकित्सालय सीधी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉण् एसण्बीण् खरे 31 अगस्त 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद जिला चिकित्सालय सीधी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का प्रभार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉण् दीपारानी इसरानी को सौंपा गया है। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसारए शासन से पदस्थापना की प्रतीक्षा में पदस्थ डॉण् दीपारानी इसरानी को आगामी आदेश तक सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सीधी का प्रभार सौंपा गया है।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम में मनाया रक्षाबंधन पर्व

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय स्टेडियम के पास स्थित सेवा केन्द्र द्वारा कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के जीवन में प्रेम, आत्मीयता एवं सकारात्मकता का संचार करना तथा रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व का संदेश देना था। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत भाई-बहनों को रक्षासूत्र बांधकर उनके स्वस्थ्, सुखी एवं शांतिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की गई। सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में श्रेष्ठ मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी अर्चना ने किया। इस अवसर पर विनोद मिश्रा पार्षद नगर पालिका सीधी एवं उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, आशा मिश्रा आश्रम संरक्षक, राशि तिवारी, समाजसेवी रामकुमार सिंह दादू, अजय सिंह सेंगर व्यापारी एवं समाजसेवी तथा शिवमणि तिवारी वृद्धाश्रम संचालक, ब्रह्माकुमार राजेन्द्र भी उपस्थित रहे। वृद्धाश्रम के सदस्यों ने ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा किए गए इस आत्मीय प्रयास की सराहना की और कार्यक्रम के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का वातावरण प्रेम, सम्मान एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।



## जिले में अब तक 945 मिमी . औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। तहसीलदार भू-अभिलेख एवं भू-संसाधन प्रबंधन ने बताया कि जिले में 31 अगस्त को 31.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई।**

तहसीलवार वर्षा में कुसमी में सर्वाधिक 80 मिमी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा गोपद बनास में 26 मिमी., सिहावल में 59.4, मझौली में 7, बहरी में 19.8, रामपुर नैकिन में 18 तथा चुरहट में 10 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि 1 जून से 31 अगस्त 2026 तक जिले में 945.0 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस अवधि में तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार सिहावल में सर्वाधिक 1263.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त मझौली में 889.0 मिमी., कुसमी में 1218.4, गोपदबनास में 869.8, बहरी में 812.4, चुरहट में 818.5 तथा रामपुर नैकिन में 743.2 मिमी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 1110.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इसके मुकाबले इस वर्ष अब तक 165.9 मिमी. कम वर्षा हुई है।

## चिन्हित शिकायतों का निराकरण करते हुए संतुष्टिपूर्ण समाधान कराया जाए उपलब्ध : विकास

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का अगला जिलास्तरीय शिविर 5 को मझौली में

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 अगस्त। कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न परिस्थितियों, स्थापना एवं पेंशन प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।**

कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी लंबित कार्यों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत अगला जिलास्तरीय शिविर 5 सितम्बर को मझौली में आयोजित किया जाएगा। शिविर के लिए सीएम हेल्पलाइन से 46 शिकायतों को चिन्हित किया गया है। शिविर स्थल पर संबंधित शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सड़क, पुल-पुलिया, बांध, स्टॉप डैम, चेक डैम सहित अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति का सतत निरीक्षण करने तथा कहीं भी क्षति या खतरे की स्थिति पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया। नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर उपलब्ध रहते हुए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में स्थापना संबंधी विषयों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों के विभिन्न स्वत्वों का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थापना से संबंधित विषयों को अधिकारी पूरी गंभीरता से लें और नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई करें।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रीती अहिरवार ने वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अनुमतियों की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एफआरए से संबंधित प्रकरणों में पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा कर शेष अवधि में प्रगति बढ़ाएं

कलेक्टर ने कहा कि वित्तीय वर्ष की छमाही पूर्ण होने वाली है। ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों एवं अब तक की प्रगति का अवलोकन करें। जिन योजनाओं में लक्ष्य की पूर्ति अपेक्षित स्तर पर नहीं हुई है, उनमें विशेष प्रयास कर शेष अवधि में प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वरोजगार संबंधी लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने तथा राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।